# प्रशासन-विस्थापितों की बैठक, 5 घंटे चली चर्चा



▸ ढोड़न बांध का मामला, निष्पक्ष जांच और समाधान का भरोसा

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 16 अप्रैल. **केन-बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत ढोड़न बांध स्थल पर प्रदर्शन कर रहे विस्थापितों से जिला प्रशासन छतरपुर की संयुक्त टीम ने कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में बैठक कर चर्चा की. जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में प्रदर्शनकारियों की शिकायतों, मांगों और मुआवजा संबंधी विसंगतियों को बिंदुवार सुना गया.**

करीब 4 से 5 घंटे तक चली इस सौहार्दपूर्ण चर्चा में विशेष रूप से पन्ना जिले के मझगांय और रूंझ बांध से जुड़े विस्थापितों की समस्याएं सामने आईं, जिन्हें पन्ना जिले के अधिकारियों ने भी सुना और निराकरण का आश्वासन दिया. अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि एक भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित नहीं रहेगा और अपात्र को किसी भी स्थिति में सूची में शामिल नहीं किया जाएगा.

बैठक में यह भी बताया गया कि कलेक्टर द्वारा प्रत्येक विस्थापित गांव के लिए अलग-अलग जांच दल गठित किए गए हैं. इन दलों में बिजावर अनुभाग से अलग अन्य अनुभागों के एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी और विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हैं, ताकि समयसीमा में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जा सके.

चर्चा के दौरान डिप्टी कलेक्टर जी.एस. पटेल, एसडीएम बिजावर विजय द्विवेदी, पन्ना और अजयगढ़ के एसडीएम सहित अन्य अधिकारी और प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमित भटनागर अपने साथियों के साथ मौजूद रहे. कुछ मांगें शासन स्तर की होने पर अधिकारियों ने वरिष्ठ स्तर पर बैठक कर समाधान कराने और कमिश्नर सागर के साथ संयुक्त बैठक आयोजित कराने का आश्वासन भी दिया.

### ▸ 14 गांवों में जांच के लिए विशेष दल गठित

**नवभारत न्यूज छतरपुर, 16 अप्रैल.** छतरपुर जिले में संचालित राष्ट्रीय महत्व की केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत प्रभावित 14 गांवों में मुआवजा वितरण को लेकर ग्रामीणों द्वारा दर्ज कराई गई आपत्तियों की जांच के लिए कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने विशेष जांच दलों का गठन किया है. इन दलों को अभियान के रूप में कार्य करते हुए 7 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट और प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं. प्रशासन द्वारा प्रत्येक प्रभावित ग्राम के लिए प्रभारी अधिकारियों और सर्वे दल की संयुक्त टीमें तैनात की गई हैं, जो गांव-गांव जाकर मुआवजा राशि में आई विसंगतियों की जांच करेंगी. साथ ही पुनर्वास के लिए प्राप्त अतिरिक्त आवेदनों की पात्रता का परीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी. इस क्रम में ग्राम ढोड़न, खरयानी, पलकौहां, सुकवाहा, कदवारा, पाठापुर, डुगरिया, नैगुवां, ककरा, घुघरी, भौरखुवां, सहपुरा, कुपी और बसुधा सहित अन्य प्रभावित गांवों में अलग-अलग अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है. संबंधित एसडीएम, तहसीलदार, उपयंत्री और अन्य विभागीय अधिकारी दल का हिस्सा बनकर जांच प्रक्रिया में शामिल रहेंगे. कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि संबंधित तहसीलदार आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त राजस्व अमले को भी सर्वे दल में शामिल कर सकते हैं. वहीं एसडीएम बिजावर को निर्देशित किया गया है कि वे संबंधित दलों को प्राप्त दावे, आपत्तियों और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं. साथ ही सभी सहायक प्रभारी अधिकारियों को गांवों में उपस्थित रहकर जांच एवं सुनवाई में सहयोग करने और तैयार प्रतिवेदन पर हस्ताक्षर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं. प्रशासन का उद्देश्य है कि प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जा सके.

# अन्नदाताओं का किया सम्मान

▸ भाजपा किसान मोर्चा ने तिलक लगाकर किया किसानों का स्वागत



नवभारत न्यूज

छतरपुर, 16 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में 'किसान वंदन' अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में छतरपुर जिले में भी भाजपा किसान मोर्चा के नेतृत्व में गेहूं उपार्जन केंद्रों पर पहुँच रहे अन्नदाताओं का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया. इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को सम्मान देना और उपार्जन प्रक्रिया में उनका उत्साहवर्धन करना है.

अभियान के तहत चंदला विधानसभा के बरहा सेवा सहकारी समिति केंद्र पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. यहाँ भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री बॉबीराजा गठेवरा ने विधिवत पूजन और फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया. उन्होंने केंद्र पर गेहूं लेकर आए किसान भाइयों का तिलक लगाकर और माल्यार्पण कर सम्मान किया. बॉबीराजा गठेवरा ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह समर्पित है और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में किसानों को उनकी उपज का सही दाम और सम्मान दोनों मिल रहा है. स्वागत का यह सिलसिला केवल चंदला तक सीमित नहीं रहा. गढ़ीमलहरा मंडी प्रांगण, सटई रोड स्थित सेवा सहकारी समिति बगौता, महाराजपुर क्षेत्र के विभिन्न केंद्रों और छतरपुर कृषि उपज मंडी में भी गौरवशाली कार्यक्रम आयोजित किए गए. इन कार्यक्रमों में प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की.

खाद्य अधिकारी सीताराम कोठारे, वेयर हाउस प्रबंधक रामअवतार मिश्रा ने केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया.

### दिग्गजों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में सहकारी बैंक अध्यक्ष करूणेन्द्र प्रताप सिंह, किसान मोर्चा महामंत्री प्रदोष यादव, दिनेश यदुवंशी, और अनुज पाठक सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने किसानों के साथ संवाद किया. विभिन्न मंडलों के अध्यक्षों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिलकर यह सुनिश्चित किया कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो. बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों ने इस सम्मान पर हर्ष व्यक्त करते हुए सरकार की इस संवदेनशील पहल की सराहना की.

## एक नजर में




### जिला अस्पताल में अव्यवस्था, गर्भवती महिलाएं घंटों लाइन में परेशान

**छतरपुर, 16 अप्रैल.** जिला अस्पताल परिसर में गुरुवार को अव्यवस्था का गंभीर मामला सामने आया, जहां दूर-दराज से आई गर्भवती महिलाओं को जांच के लिए घंटों तक इंतजार करना पड़ा. महिलाओं ने बताया कि वे सुबह 9 बजे से लाइन में खड़ी हैं, लेकिन अत्यधिक भीड़ के कारण समय पर जांच नहीं हो पा रही थी. अस्पताल में व्यवस्थाओं की कमी साफ नजर आई. न तो पर्याप्त स्टाफ मौजूद था और न ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे. लाइन में खड़ी महिलाओं ने आरोप लगाया कि पुरुष भी कतार में घुस जाते हैं, जिससे धक्का-मुक्की की स्थिति बन जाती है. इस दौरान कई महिलाएं असहज और परेशान दिखाई दीं. स्थिति उस समय और गंभीर हो गई, जब मौके पर कोई सुरक्षा गार्ड मौजूद नहीं था. इससे अव्यवस्था और बढ़ गई. बाद में जब मीडिया मौके पर पहुंचा और कवरेज शुरू की, तब अस्पताल प्रबंधन सक्रिय हुआ और तत्काल एक सुरक्षा गार्ड तैनात किया गया. हालांकि, तब तक महिलाएं काफी देर तक परेशानी झेल चुकी थीं. इस घटना ने जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं और प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

### कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**नवभारत न्यूज बड़ा मलहरा, 16 अप्रैल.** जनपद पंचायत बड़ा मलहरा की तहसील घुवारा से महज 3 किलोमीटर दूर ग्राम कंचनपुर(कचरा)में लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का मंगलवार से शुभारंभ हुआ. इस पावन अवसर पर निकाली गई भव्य कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय रंग में रंग दिया. बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. सिर पर सजे कलश लिए महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में भक्ति भाव से झूमती नजर आईं. यात्रा के दौरान 'जय श्री लक्ष्मीनारायण' के जयकारों और मधुर भजनों से पूरा वातावरण गूंज उठा. ग्राम कंचनपुर (कचरा) मढ़सरकार से लेकर घुवारा नगर के प्रमुख मार्गों से निकली गई इस यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया. यह लक्ष्मीनारायण महायज्ञ 20 अप्रैल तक संपन्न होगा. यह महायज्ञ बड़े महाराज के सानिध्य में हो रहा है. प्रतिदिन संत, महात्माओं एवं प्रवचनकर्ताओं के संध्या के दौरान प्रवचन होंगे. शाम को चित्रकूट धाम से आई हुई रामलीला का मंचन होगा. आयोजकों के अनुसार महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन कथा, प्रवचन एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे. कलश यात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष लखन फौजदार,पहलवान सिंह, वरिष्ठ पत्रकार टिंकू गोस्वामी, बालकुवर राजा सिंह सरपंच, कल्लू राजा, रामधुन मंडल अध्यक्ष केचु कुशवाहा, बलराम विश्वकर्मा, पत्रकार मुकेश यादव, जगदीश सिंह, रामपाल सिंह, कमलेश जोगी, उत्तम यादव के अलावा भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे.



फोटो- उल्लू

### वन विभाग की टीम ने उल्लू का कराया उपचार



**नवभारत न्यूज चंदला, 16 अप्रैल.** चंदला क्षेत्र के गुमानपुर गांव में घायल अवस्था में मिले उल्लू का वन विभाग की टीम डॉक्टर के पास ले जाकर उपचार कराया. बता दें, चंदला क्षेत्र के गुमानपुरा गांव में 15 अप्रैल की शाम एक नन्हा उल्लू उड़ते वक्त ज़मीन पर गिर गया था. उसके पंख ज़ख्मी थे, वह उड़ नहीं पा रहा था. लोगों ने मामले की जानकारी वन विभाग को दी. सूचना के फौरन बाद वन विभाग की टीम पहुंची और फॉरेस्ट कर्मचारी उस जख्मी परिंदे को लेकर चंदला फॉरेस्ट के पास पहुंचे, जहां डॉक्टर द्वारा किए गए उपचार के बाद वह ठीक होकर खुले आसमान में फिर से उड़ान भर सकेगा.

# नाहरपुर पंचायत में सीसी निर्माण में धांधली

▸ ग्रामीणों ने अधिकारियों से मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की



नवभारत न्यूज

**चंदला, 16 अप्रैल.** गौरीहार जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत नाहरपुर के संलग्न ग्राम छपरा में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है. जानकारी के अनुसार सिपाहीलाल के घर से स्कूल की ओर लगभग 400 मीटर लंबाई में निर्मित इस सीसी सड़क के लिए 8 लाख 50 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई थी, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं.

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मानक के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया गया, जिसके चलते सड़क एक वर्ष के भीतर ही जगह-जगह से टूटकर टुकड़ों में तब्दील हो गई है.

ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई और शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. वहीं, उपयंत्री और संबंधित अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं. ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है. कई अन्य पंचायतों के सरपंचों द्वारा बताया गया कि सीईओ दीपा कोटिस्ताने को कमीशन देते हैं बिना कमीशन के कोई कार्य नहीं होते हैं,

कमीशन के बिना बिल पास नहीं होते है. आप चाहे मीडिया पत्रकार की खबरों से कुछ नहीं होगा पहले से हम सीईओ को कमीशन दिए है. कोई कार्यवाही नहीं होगी. इस संबन्ध में गौरीहार जनपद सीईओ दीपा कोटिस्ताने से दूरभाष के द्वारा संपर्क किया संपर्क बार बार काटा जा रहा है, जिससे साफ जाहिर होता है कि इस तरह के भ्रष्टाचार पर कोई बात नहीं करना चाहती हैं.

### महाराष्ट्र विधान परिषद की 9 सीटों के लिए चुनाव 12 मई को

**नई दिल्ली.** चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र विधान परिषद की नौ सीटों के लिए द्वैवार्षिक चुनाव 12 मई को कराये जाने की गुरुवार को घोषणा की।इन सीटों के लिए निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल 13 मई को खत्म हो रहा है।आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार इन सीटों के चुनाव के लिए अधिसूचना 23 अप्रैल को जारी की जाएगी और नामांकन पत्र 30 अप्रैल तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 2 मई को की जाएगी और नाम 4 मई तक वापस लिए जा सकेंगे।आवश्यकता पड़ने पर मतदान 12 मई को सुबह 9-00 बजे से शाम 4-00 तक कराया जाएगा। मतों की गिनती मतदान के बाद उसी दिन कराई जाएगी.

# ग्रीष्मकालीन खेल शिविर 27 से

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 16 अप्रैल. **मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्र-छात्राओं के लिए 'ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-आरोह 2026' का आयोजन छतरपुर जिले में किया जा रहा है.**

इस संबंध में पुलिस लाइन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में पुलिस अधीक्षक अगम जैन की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी राजेन्द्र कुमार कोष्टा ने शिविर की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की. सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शिविर 27 अप्रैल 2026 से 26 मई 2026 तक प्रतिदिन सुबह 6:00 बजे से 8:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा. जिला मुख्यालय छतरपुर में जूडो, मलखंभ, फुटबॉल, बास्केटबॉल और एथलेटिक्स जैसे खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा. इसके लिए ऑफिसर्स क्लब एवं पं. बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम को प्रशिक्षण स्थल निर्धारित किया गया है. साथ ही जिले के विकासखण्ड मुख्यालयों—राजनगर, नौगांव, बक्स्वाहा, बड़ामलहरा, गौरिहार, बिजावर और लवकुशनगर में भी स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित होंगे. शिविर में 8 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे भाग ले सकेंगे.

# अमरनाथ यात्रा रजिस्ट्रेशन में अव्यवस्था, श्रद्धालु परेशान



▸ पीएनबी शाखा में लंबी कतारें, सर्वर दिक्कत से बढ़ी समस्या

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 16 अप्रैल. **छतरपुर में अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराने पहुंचे श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रजिस्ट्रेशन के लिए पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में व्यवस्थाओं की कमी और तकनीकी खामियों के चलते लोगों को लंबी कतारों में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है.**

सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु बैंक पहुंच रहे हैं, जिससे भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है. वर्तमान में रजिस्ट्रेशन के लिए केवल एक ही काउंटर संचालित हो रहा है, जिसके कारण प्रक्रिया बेहद धीमी हो गई है. तेज धूप और भीड़ के बीच श्रद्धालु परेशान नजर आ रहे हैं. बैंक प्रबंधन का कहना है कि जल्द ही अतिरिक्त काउंटर बढ़ाए जाएंगे, ताकि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को सुचारु किया जा सके. वहीं सर्वर डाउन होने की समस्या भी सामने आई है, जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है. हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराने आते हैं, ऐसे में व्यवस्थाओं को पहले से दुरुस्त न किए जाने पर सवाल उठ रहे हैं.

### बक्सवाहा में न्यायालय भवन का लोकार्पण आज

**नवभारत न्यूज बड़ा मलहरा, 16 अप्रैल.** तहसील बक्सवाहा में नवनिर्मित न्यायालय भवन का लोकार्पण शुक्रवार 17 अप्रैल को सायं 5 बजे किया जाएगा. यह लोकार्पण कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से आयोजित होगा, जिसमें मुख्य न्यायाधीश द्वारा भवन का उद्घाटन किया जाएगा. प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, छतरपुर के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है. इस संबंध में आदेश जारी कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं. अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेश बिल्थरे ने बताया कि नवनिर्मित न्यायालय भवन के शुरू होने से अधिवक्ताओं एवं आम लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी. उन्होंने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र में आधुनिक न्यायालय भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है.

# बाइक और साइकिल में जोरदार भिड़ंत

▸ दो युवक गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल रेफर



नवभारत न्यूज

बमीठा/छतरपुर, 16 अप्रैल. छतरपुर जिले के बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड के समीप गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहाँ एक मोटरसाइकिल और साइकिल के बीच हुई आमने-सामने की सीधी टक्कर में दोनों वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई और अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया.

**मजदूरी पर जा रहे साइकिल सवार को मारी टक्कर**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम इमलया निवासी भगवान दास कुशवाहा (28) सुबह अपनी साइकिल से मजदूरी के लिए घर से निकले थे. जैसे ही वे बमीठा बस स्टैंड के पास पहुँचे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया. इस भिड़ंत में भगवान दास के सिर में गंभीर चोटें आई हैं और वे लहूलुहान हो गए.

**पुलिस जांच में जुटी**- घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुँचकर वाहनों को कब्जे में लिया है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस स्टैंड के पास यातायात का दबाव अधिक रहता है, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### ▸ दोनों घायलों की हालत नाजुक, जिला अस्पताल रेफर

हादसे में मोटरसाइकिल सवार दिनेश आदिवासी (निवासी शांतिनगर कॉलोनी, बमीठा) भी सड़क पर गिरकर चोटिल हो गया. स्थानीय लोगों ने मानवता दिखाते हुए तत्काल दोनों घायलों को संभाला और निजी वाहनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बमीठा पहुँचाया. अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया है.

**समाज सेवा** ▸ जैन समाज ने पुराने पन्ना नाके पर शुरू की नि:शुल्क प्याऊ, राहगीरों को राहत

# चिलचिलाती धूप में सेवा की शीतल फुहार

नवभारत न्यूज

छतरपुर,16 अप्रैल. बुंदेलखंड के छतरपुर जिले में इन दिनों सूरज की तपिश और भीषण गर्मी ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रखा है. पारा लगातार चढ़ने के कारण राहगीरों का सड़क पर चलना दूभर हो गया है. ऐसे कठिन समय में छतरपुर के जैन समाज ने मानवता का परिचय देते हुए एक अत्यंत सराहनीय और अनुकरणीय पहल की है. गुरुवार को समाज द्वारा शहर के प्रमुख और व्यस्ततम पुराने पन्ना नाके पर नि:शुल्क पेयजल प्याऊ का विधिवत शुभारंभ किया गया.




प्याऊ के शुभारंभ के दौरान जैन समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कहा कि जैन धर्म की मूल भावना 'जीओ और जीने दो' के साथ-साथ परोपकार पर टिकी है. भीषण गर्मी में किसी प्यासे की प्यास बुझाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है. पुराने पन्ना नाके पर सुबह से लेकर देर रात तक यात्रियों, मजदूरों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ रहती है, जिसे ध्यान में रखते हुए समाज ने शुद्ध, शीतल जल की व्यवस्था करने का निर्णय लिया.

### महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी

इस सेवा कार्य की खास बात यह रही कि इसमें जैन समाज की महिलाओं और युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया. प्याऊ की व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और राहगीरों को पानी पिलाने में सभी ने अपना श्रम दान दिया. समाज के सदस्यों का मानना है कि सेवा का यह छोटा सा प्रयास गर्मी से त्रस्त लोगों को मानसिक और शारीरिक शांति प्रदान करेगा.

# जीआरटीसी कंपनी के अवैध खनन की जांच

▸ खनिज विभाग ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**चंदला, 16 अप्रैल. चंदला क्षेत्र में जीआरटीसी कंपनी द्वारा किए जा रहे अवैध खनन का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है. लगातार मिल रही शिकायतों और मीडिया में प्रकाशित खबरों के बाद खनिज विभाग छतरपुर की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया.**

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जीआरटीसी कंपनी द्वारा बिना अनुमति के खनन किए जाने की शिकायतें लंबे समय से सामने आ रही थीं. स्थानीय लोगों ने सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से भी इसकी शिकायत दर्ज कराई थी, बावजूद इसके खनन कार्य जारी रहा. खनिज विभाग की टीम ने चंदला वार्ड नंबर 1 में प्लांट के पीछे किए गए खनन स्थल का निरीक्षण किया, जहां खनन की माप कर पंचनामा तैयार किया गया. हालांकि, क्षेत्र में अन्य कई स्थानों पर भी अवैध खनन होने की बात सामने आ रही है, लेकिन फिलहाल एक ही स्थान पर कार्रवाई किए जाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं. जांच के दौरान पहुंचे खनिज विभाग के अधिकारी मुनेन्द्र पटेल ने बताया कि जहां-जहां अवैध खनन की शिकायतें प्राप्त होंगी, वहां इसी प्रकार जांच कर कार्रवाई की जाएगी.